प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 25.07.2024     समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार...

- कोयम्बटूर में आयोजित इन्वेस्ट एमपी-इंटरेक्टिव सत्र में 35 सौ  करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त ।
- पंचायत प्रतिनिधियों से उपलब्ध संसाधनों और विभिन्न योजनाओं में आपसी समन्वय से एक गांव को आदर्श गांव बनाने की अपील  ।
- प्रदेश में स्कूली छात्रों के लिये तैयार हुआ कॅरियर पोर्टल, भविष्य के विकल्पों का चयन करने में मिलेगी मदद ।
- प्रदेश में इस मानसून सीजन की 35 प्रतिशत से ज्यादा बारिश हुई, कई जगह पानी भरने से आम जीवन पर पड़ा असर ।

इन्वेस्ट एमपी-इंटरेक्टिव सत्र

कोयम्बटूर में आयोजित इन्वेस्ट एमपी-इंटरेक्टिव सत्र में 12 सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए और 35 सौ  करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए. इस दौरान स्किल्ड मैन पॉवर, टैक्स्टाइल क्लस्टर स्थापित करने और कपास की खेती और इएलएस कॉटन उत्पादन के संबंध में एमओयू हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने भोपाल में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए तमिलनाडु के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया. उन्होंने कहा कि फ्यूचर रेडी मध्यप्रदेश में सरकार का सहयोग और जनता का साथ औद्योगिक विकास का आधार है. हम प्रदेश के उद्योग धंधों को वैश्विक सप्लाई चेन का हिस्सा बनाने के विजन पर काम कर रहे हैं. डा यादव ने कहा कि निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए कोयम्बटूर में प्रदेश का उद्योग कार्यालय खोला जाएगा. इंटरेक्टिव सत्र में 25 से अधिक उद्योगपतियों तथा 4 प्रमुख उद्योग संगठनों के साथ वन-टू-वन बैठक की गई.

पंचायत प्रतिनिधि गोद

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने सभी स्तरों की पंचायतों के पदाधिकारियों का आव्हान किया है कि वे अपनी पसंद के किसी एक गांव को आदर्श गांव बनाने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों और विभिन्न योजनाओं में आपसी समन्वय के साथ एक मॉडल विलेज बनाएं। श्री पटेल आज यहां आत्मनिर्भर पंचायत- समृद्ध मध्यप्रदेश विषय पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और जर्मन संस्था जीआईज़ेड द्वारा आयोजित कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। श्री पटेल ने कहा जिन पंचायतों की जनसंख्या 5000 से ज्यादा है वहां दो सामुदायिक भवन बनाये जायेंगे।

राष्ट्रपति कार्यकाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति पद पर अपने दो वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय के नौवीं कक्षा के छात्रों को पढ़ाया। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने आधुनिक दौर की विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की। राष्ट्रपति ने छात्रों से लोगों को इन समस्याओं के बारे में आगाह करने और इस दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने में योगदान देने के लिए भी कहा।  राष्ट्रपति भवन के वातावरण को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं लोकाचार के अनुरूप बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए गए हैं। इसी श्रृंखला में  राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन के दो महत्वपूर्ण हॉलों – 'दरबार हॉल' और 'अशोक हॉल' का नाम बदलकर क्रमश: 'गणतंत्र मंडप' और 'अशोक मंडप' कर दिया है।

सम्पूर्णता अभियान

प्रदेश के आकांक्षी जिलों में सम्पूर्णता अभियान पूरी तत्परता से चलाया जा रहा है.इस दौरान उस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कदम उठाये जा रहे हैं. झाबुआ में इस अभियान के तहत क्या प्रयास हो रहे हैं, जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता:

ऑडियो पैकेज : डेढ़ मिनट

स्मार्ट क्लास

प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य खरगोन जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे जनजातीय बच्चे स्मार्ट क्लासेस मतलब ई-कक्षाओं से ज्ञानार्जन कर अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। यहां ई-कक्षाओं के जरिये ऑनलाइन क्लासेस संचालित की जा रही है। इन कक्षाओं का लाभ जनजातीय कार्य विभाग द्वारा खरगोन जिले में चलाये जा रहे 64 हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ रहे सभी विद्यार्थियों को मिल रहा है। इस काम के लिए खरगोन जिले के विशेषज्ञ शिक्षक चुने गये हैं। निगरानी के लिए देवी अहिल्या उत्कृष्ट विद्यालय में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं।

कॅरियर पोर्टल

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में स्कूल जाने वाले विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार कॅरियर विकल्पों का चयन करने के लिये कॅरियर पोर्टल तैयार किया है। पोर्टल पर 500 से अधिक कॅरियर संबंधी, 7 हजार 500 से अधिक कॉलेज, 1000 से अधिक प्रवेश परीक्षाएँ और 750 से अधिक छात्रवृत्तियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इससे विद्यार्थी अपनी पसंद का विकल्प चुन सकते है। स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षिक एवं कॅरियर के विकल्पों के चयन के लिये कॅरियर कांउन्सिलिंग के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था आईसीएस लखनऊ के साथ अनुबंध भी किया है। इस अनुबंध के आधार पर प्रदेश के समस्त विद्यालयों में कॅरियर कांउन्सिलिंग कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

मौसम

प्रदेश में मानसून की वजह से हर दिन बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में औसतन 14 दशमलव 6 इंच बारिश हो चुकी है. जो इस मानसून सीजन की 35 प्रतिशत है। बारिश के कारण नर्मदा का जलस्तर 2 फीट बढ़ गया है। दूसरी नदियों और बांधों में भी लगातार पानी का लेवल बढ़ रहा है। इस वजह से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। घरों और सड़कों पर पानी आ जाने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है. कटनी जिले में अतिवृष्टि के कारण कई स्थानों पर जल भराव की दशा में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा कर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। रतलाम में कई स्थानों पर जलभराव के साथ कचरे से पटे नाले, नालियां चोक होने से गंदा पानी

सड़कों पर आ गया। जिससे व्यापारियों को दुकानें पहले ही बंद करनी पड़ी। अभी भी भोपाल, जबलपुर समेत कई जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक 28 जुलाई से फिर तेज बारिश हो सकती है। 29 और 30 जुलाई को उत्तरी हिस्से में तेज बारिश होने का अनुमान है।

समाचार संक्षेप में....

- खंडवा अकोला गेज कन्वर्शन कार्य में आज डीजल इंजन लगी तीन बोगी की ट्रेन को अकोला से वाह्य भुसावल के रास्ते खंडवा भेजा गया। जिसमें रेल अधिकारियों ने खंडवा से अमुल्लाखुर्द के बीच 54 किमी ट्रेन दौड़ाकर टेस्टिंग की।
- जबलपुर में भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा द्वारा भारत माता चौक से शहीद स्मारक तक के बीच मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान शहीदों को श्रृद्धांजलि भी अर्पित की गई।
- पन्ना में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में एक पेड़ मा के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर सुरेश कुमार और विद्यालय के प्राचार्य अमित दाहिया भी उपस्थित रहे।
- सागर में राजस्व महाभियान-2 के अन्तर्गत कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत द्वारा दमोह जिले की पटेरा तहसील में न्यायालय नायब तहसीलदार मण्डल कुम्हारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।
- देवास में कौशल विकास को रोजगार से जोड़ने के लिये ग्रामीण पथ रोशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना से 18 से 45 वर्ष आयु समूह के कक्षा 10वीं तक के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रूफटॉप सोलर प्लांट की स्थापना का प्रशिक्षण नि:शुल्क दिलाया गया ।
- जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा ग्वालियर के 10 विद्यालयों में 26 जुलाई तक कत्थक नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में दिल्ली से आई कथक नृत्यांगना एवं कला लेखिका डॉ. शाम्भवी मिश्रा द्वारा नृत्य सिखाया जा रहा है।

- श्योपुर में भारत स्काऊट एवं गाइड जिला संघ के अंतर्गत जिला स्तरीय प्राचार्य संगोष्ठी संपन्न हुई। संगोष्ठी में 64 विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित हुए।
- नीमच में भारतीय वायुसेना में जीवन,चयन प्रकिया केरियर प्रगति और अन्य विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करने कि लिए विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है. और
- मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा चयनित मध्यप्रदेश की जूनियर नेशनल फुटबाल टीम आज सीहोर से असम के लिए रवाना हुई |

-------------------